PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Mon, 12 Jun 2017, Page 7
Width: 10.79 cms, Height: 16.14 cms, a4, Ref: 37.2017-06-12.63

महाराष्ट्र में कर्ज माफी का ऐलान, आंदोलन वापस

■ भाषा, मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने किसानों की कर्ज माफी का ऐलान किया। इसके साथ किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया। राजस्व मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा, 'सरकार ने किसानों का ऋण माफ करने का फैसला किया है। सीमांत किसानों का सारा कर्ज आज से ही माफ किया जाता है।'

सरकार के साथ बातचीत में भाग लेने वाले किसान नेता और लोकसभा सदस्य राजू शेट्टी ने कहा, 'वह खुश हैं कि उनकी मांगें मान ली गई हैं। हमारे मुद्दे सुलझ गए हैं। हमने सोमवार और मंगलवार को होने वाले धरना प्रदर्शन सहित अपना आंदोलन अस्थायी रूप से वापस लेने का फैसला लिया है। लेकिन, 25 जुलाई तक कर्ज माफी पर कोई संतोषजनक फैसला नहीं लिया गया तो हम अपना आंदोलन फिर शुरू करेंगे।'

'केंद्र की नीतियों की वजह से किसान संकट में' : सरकार से विभिन्न मांगों को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में किसानों के आंदोलन के बीच आरएसएस से जुड़े भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय सचिव मोहिनी मोहन मिश्रा ने इस संकट के लिए केंद्र की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। मिश्रा ने कहा कि किसान केंद्र सरकार की प्राथमिकता में नहीं हैं।

मुंबई में मंत्री समूह के साथ किसान नेताओं की हुई वार्ता।